Answer-no-5

सोडियम वेपर लैम्प :⇒ कठोर काँच की बनी हुई U आकार की एक विसर्जन नालिका के दोनों सिरों पर धातु के आक्साइड लेपित तन्तु लगे होते है जो गर्म होकर इलेक्ट्रान उत्सर्जित करते है विसर्जन ट्यूब में कम दाबाव पर थोड़ी निआन गैस तथा कुछ सोडियम धातु का चूर्ण भरा होता है। समान्य ताप पर सोडियम ठोस होने के कारण नालिका की आन्तरिक सतह पर जमा रहता है विसर्जन नालिका का निर्माण कठोर काच तथा इसकी आन्तरिक सतह पर विशेष पदार्थ का लेप इस लिए किया जाता है ताकि नालिका गर्म वाष्पित सोडियम के प्रभाव को सुगमता से सहन कर सके।